आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 02.07.2024

मुख्य समाचारः–

1– नारायणपुर जिले के कोहकामेटा इलाके में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए।

2– मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए 'एक पेड़ अपनी मां के नाम' पर लगाने की अपील की।

3– छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालतों में अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जाना चाहिए।

4– मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सरगुजा और बिलासपुर संभाग के कुछ जिलों में भारी बारिश होने, आकाशीय बिजली गिरने और अंधड़ चलने की चेतावनी दी।

माओवादी मुठभेड़

नारायणपुर जिले के कोहकामेटा इलाके में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर डीआरजी, एसटीएफ़ बीएसएफ और आईटीबीपी की संयुक्त टीम रवाना की गई थी। इसी दौरान महाराष्ट्र की सीमा से लगे कोहकामेटा के जंगल में पहले से घात लगाकर बैठे माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने तीन माओवादियों को मार गिराया। वहीं, जवानों ने कुछ माओवादियों के घायल होने का भी दावा किया है।

इस बीच, सुकमा जिले के अलग–अलग इलाके से सुरक्षा बलों ने नौ माओवादियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि इनमें से चार माओवादी बीते तेईस जून को टेकलगुड़ा में हुए विस्फोट की घटना में शामिल थे। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस बल, डीआरजी, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन की संयुक्त कार्यवाही में इन माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं, इसी जिले में एक महिला सहित दो इनामी माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन पर पांच–पांच लाख रूपये का इनाम घोषित था। इन माओवादियों ने पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण, सीआरपीएफ के डीआईजी सूरजपाल वर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के समक्ष आत्मसमर्पण किया। ये दोनों माओवादी सुकमा जिले के कोंटा एरिया कमेटी में वर्षों से सक्रिय थे। आत्मसमर्पित माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री–पौधारोपण अपील

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए 'एक पेड़ अपनी मां के नाम' पर लगाने की अपील की है। श्री साय ने कल रायपुर में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि इस अभियान से बच्चों का पर्यावरण से जुड़ाव बढ़ेगा। इसमें पालकों और शिक्षकों को शामिल करने से निश्चित ही बड़े पैमाने पर पौधरोपण हो सकेगा।

इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि जिन स्कूलों में अहाते हैं, वहां विद्यार्थी, शिक्षक और पालक छायादार पौधे लगाएं। साथ ही इन पौधों की सुरक्षा का भी संकल्प लें। शाला प्रवेश

उत्सव के दौरान पौधारोपण किया जाए। इसके लिए जिले का शालावार कैलेंडर तैयार किया जाए। विद्यालयों में पौधारोपण के दौरान जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए।

केंद्रीय कृषि मंत्री—बैठक

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम सहित उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। इस दौरान प्रदेश में दलहन, तिलहन और बागवानी फसलों को बढ़ावा देने के साथ ही कृषि तथा किसान कल्याण से जुड़े अनेक विषयों पर चर्चा हुई। श्री चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मक्का और सोयाबीन की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।

बैठक में कृषि मंत्री रामविचार नेताम के प्रस्ताव पर बागवानी और मक्का के क्षेत्र विस्तार पर सहमति प्रदान की गई।

सिंगल विंडो पोर्टल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में वाणिज्य और उद्योग विभाग द्वारा अपडेटेड सिंगल विंडो पोर्टल का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से प्रदेश में नये उद्योगों की स्थापना में उद्योगपतियों को न केवल आसानी होगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। श्री साय ने कहा कि इस पोर्टल में विभागीय अधिकारियों को भी जिम्मेदारियां दी गई है और उन पर आवेदनों के समय पर निराकरण की जवाबदेही भी होगी।

वाणिज्य और उद्योग विभाग के सचिव अंकित आनंद ने बताया कि इस पोर्टल में सोलह से अधिक विभागों की सौ से ज्यादा सुविधा उपलब्ध रहेगी। आवेदक को एक बार ही लॉगिन करना होगा और दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

मुख्य न्यायाधीश—प्रकरण निराकरण

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कहा है कि लोक अदालतों के आयोजनों के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जाना चाहिए। आज बिलासपुर में आगामी तेरह जुलाई को होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने सभी न्यायाधीशों से इस लोक अदालत में सिविल, आपराधिक और अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में चिन्हांकित कर उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे राजीनामा योग्य प्रकरणों पर विशेष ध्यान दिया जाए, जो न्यायालयों में पांच या दस वर्ष से अधिक समय से लंबित है।

इस वर्चुअल बैठक में उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों के अलावा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष, सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के अध्यक्ष और स्थायी लोक अदालत के चेयरमैन और अन्य संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

एनटीए—सुझाव

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एनटीए में मजबूत तंत्र विकसित करने के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों से सुझाव और प्रतिक्रिया मांगी हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि डॉक्टर के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से परीक्षा प्रक्रिया और डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार तथा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की संरचना तथा कार्यप्रणाली पर सुझाव और विचार मांगे हैं। ये सुझाव सात जुलाई तक भेजे जा सकते हैं।

विरोध प्रदर्शन

सदन में कल नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कथित आपत्तिजनक बयान के विरोध में भारतीय जनता पार्टी और उसके अनुषांगिक संगठनों द्वारा आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रदर्शन किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जगदलपुर के गोल बाजार चौक में प्रदर्शन किया। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के बयान की जितनी भी निंदा की जाए, उतनी कम है।

स्वास्थ्य मंत्री–कॉन्क्लेव

चिकित्सक दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल कल रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने चिकित्सकों के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में नये विचारों और नवाचारों पर चर्चा की। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मानव सेवा में निरंतर समर्पित होकर कार्य कर रहे चिकित्सकों का सम्मान किया गया।

लक्ष्मी राजवाड़े–समीक्षा

प्रदेश की महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज रायपुर में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रदेश की सभी आंगनबाड़ियों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हितग्राहियों को दिए जा रहे पोषण–आहार और अन्य सुविधाओं की नियमित जांच कर उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने को भी कहा।

विभागीय जांच–निर्देश

विभागीय जांच में देर होने को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने विभाग प्रमुखों को निर्देश जारी किए हैं। विभाग प्रमुखों को भेजे गए पत्र में श्री बंसल ने कहा है कि विभागीय जांच के मामलों को एक वर्ष के भीतर पूरा करना आवश्यक है। लेकिन, कई विभागों द्वारा विभागीय जांच की कार्यवाही में एक वर्ष से अधिक का समय लग जाता है। उन्होंने कहा कि इस दौरान आरोपी शासकीय सेवक कई वर्षों तक निलंबन अवधि में रहते हैं। विभागीय जांच की समाप्ति के बाद उन्हें निलंबन से बहाल किया जाता है। यदि आरोपी विभागीय जांच में निर्दोष घोषित होता है तो शासन को उसके निलंबन काल का पूरा वेतन और भत्ता भी देना पड़ता है। इसके कारण शासन को अनावश्यक रूप से भारी राशि का भुगतान करना पड़ता है, जबकि वास्तव में निलंबित होने से शासकीय सेवक कोई कार्य सम्पादित नहीं करता।

श्री बंसल ने कहा है कि विभागीय जांच की कार्यवाही एक वर्ष की समयावधि में पूरी की जाए और प्रकरणों का जल्द निराकरण कराया जाए।

नवजात शिशु–मौत

रायपुर जिले के उरला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आज दो नवजात शिशुओं की मौत हो गई। जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश चौधरी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि शिशुओं की मौत को संज्ञान में लेकर तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया गया है। जांच दल को मौके के लिए रवाना कर दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही शिशुओं की मृत्यु का असल कारण पता चल पाएगा।

मौसम

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सरगुजा और बिलासपुर संभाग के कुछ जिलों में भारी बारिश होने, आकाशीय बिजली गिरने और अंधड़ चलने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका उत्तर पूर्व मध्यप्रदेश से असम तक तक विस्तारित है। वहीं, ऊपरी हवा का एक चक्रीय चक्रवाती घेरा बिहार के ऊपर बना हुआ है। इसके असर से प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

संक्षिप्त समाचार

– केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए शिक्षकों से पंद्रह जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है।

– राज्य शासन ने अधिकारियों–कर्मचारियों और अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों के पिछले वित्तीय वर्ष के सामान्य भविष्य निधि का वार्षिक लेखा विवरण प्रधान महालेखाकार की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया है।

– उपमुख्यमंत्री अरुण साव कल मुंगेली जिले के ग्राम गोड़खाम्ही में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने नवप्रवेशित बच्चों को गणवेश और पाठ्य–पुस्तक का वितरण किया।

– जांजगीर–चांपा जिले में शिवरीनारायण के धरदेई गांव में एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल दीवार से जा टकराई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य व्यक्ति की हालत गंभीर है। जबकि, दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में खोडरी तिराहे के पास एक मोटरसाइकिल के सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड से टकराने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य लोग घायल हो गए हैं।

– जांजगीर–चांपा जिले के कल्याणपुर गांव में ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>